www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**M-2021/GS-II**

MPPSC GS Paper 2 (July 18, 2023) Question Paper

अनुक्रमांक / Roll No.

| 1 | 0 | 9 | 1 | 6 | 8 |
|---|---|---|---|---|---|

परीक्षार्थी अपना अनुक्रमांक यहाँ लिखें।
Candidate should write his/her Roll No. here.

कुल प्रश्नों की संख्या : खण्ड – अ – 3 + खण्ड – ब – 3
Total No. of Questions : Section – A – 3 + Section – B – 3

मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 8
No. of Printed Pages : 8

# M-2021/GS-II

## सामान्य अध्ययन
## GENERAL STUDIES

## द्वितीय प्रश्न-पत्र
## SECOND PAPER

समय : 03 घंटे ] [ पूर्णांक : 300 (खण्ड – अ 150 अंक + खण्ड – ब 150 अंक)

Time : 03 Hours ] [ Total Marks : 300 (Section – A 150 Marks + Section – B 150 Marks)

## SECTION – A / खण्ड – अ

प्रश्न : 1. इस प्रश्न में 15 अति लघूत्तरीय उप-प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के उत्तर हेतु आदर्श शब्द सीमा 10 शब्द/एक पंक्ति होगी। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न 03 (तीन) अंकों का है। (15×3=45)

Que. : 1. This question contains 15 very short answer type sub-questions. Answer **each** question ideally in **10** words/**one** line. **All** questions are **compulsory**. **Each** question carries **03 (three)** marks.

प्रश्न : (1.1) भारतीय संविधान की प्रस्तावना के पाँच अवयव लिखिए।
Write five elements of the Preamble to the Constitution of India.

प्रश्न : (1.2) भारतीय संविधान में वर्णित स्वतंत्रता के कोई चार पक्ष कौन से हैं ?
What are any four aspects of liberty described in the Indian Constitution ?

प्रश्न : (1.3) राज्य के नीति निदेशक सिद्धांतों का मूल हेतु स्पष्ट कीजिए।
Explain the basic rationale behind the Directive Principles of State Policy.

प्रश्न : (1.4) संघ लोक सेवा आयोग द्वारा भर्ती के कोई दो तरीके लिखिए।
Write any two methods of recruitment by the Union Public Service Commission.

www.prepp.in



प्रश्न : (1.5) नीति आयोग की गतिविधियों की दो प्रमुख श्रेणियाँ क्या हैं ?
What are the two major categories of activities of NITI Aayog ?

प्रश्न : (1.6) मतदान व्यवहार के चार निर्धारक कारक लिखें।
Write four determining factors of voting behaviour.

प्रश्न : (1.7) 73वें संविधान संशोधन अधिनियम की तीन प्रमुख विशेषताएँ लिखिए।
Write three salient features of 73rd Constitutional Amendment Act.

प्रश्न : (1.8) स्वयं सहायता समूहों के प्रमुख लाभ कौन से हैं ?
What are the major advantages of self-help groups ?

प्रश्न : (1.9) चुनावों में मीडिया की भूमिका के विविध रूपों का निरूपण कीजिए।
Describe the various dimensions of the role of media in elections.

प्रश्न : (1.10) दीनदयाल उपाध्याय ने मानवता के कौन से चार उद्देश्य बताए हैं ?
Which are the four objectives of humankind narrated by Deendayal Upadhyaya ?

प्रश्न : (1.11) सरदार वल्लभभाई पटेल के आर्थिक विचार स्पष्ट कीजिए।
Explain the economic ideas of Sardar Vallabhbhai Patel.

प्रश्न : (1.12) राम मनोहर लोहिया द्वारा प्रतिपादित नव समाजवाद के कोई दो मूल तत्त्व बताइए।
Bring out any two basic elements of New socialism propounded by Ram Manohar Lohia.

प्रश्न : (1.13) एक विषय के रूप में लोक प्रशासन की किन्हीं तीन शाखाओं के नाम लिखिए।
Write names of any three branches of Public Administration as a discipline.

प्रश्न : (1.14) नियंत्रण के क्षेत्र को प्रभावित करने वाले कोई दो घटक लिखिए।
Name any two factors affecting the span of control.

प्रश्न : (1.15) प्रत्यायोजन के कोई दो लाभ लिखिए।
Write any two advantages of delegation.

प्रश्न : 2. इस प्रश्न में **10** लघु उत्तरीय उप-प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के उत्तर हेतु आदर्श शब्द सीमा **50** शब्द/**5** से **6** पंक्तियाँ होंगी। **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं। प्रत्येक प्रश्न **05 (पाँच)** अंकों का है। **(10×5=50)**

Que. : 2. This question contains **10** short answer type sub-questions. Answer **each** question ideally in **50** words/**5** to **6** lines. **All** questions are **compulsory**. **Each** question carries **05 (five)** marks.

प्रश्न : (2.1) न्यायिक सक्रियता न्यायिक अतिविस्तार से कैसे भिन्न है ? स्पष्ट कीजिए।
How is judicial activism different from judicial overreach ? Explain.

प्रश्न : (2.2) भारतीय संघवाद सहयोगात्मक संघवाद से प्रतिस्पर्धात्मक संघवाद की ओर अग्रसर हो रहा है। टिप्पणी कीजिए।
Indian federalism is moving from co-operative federalism to competitive federalism. Comment.

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Gu



प्रश्न : (2.3) भारतीय राजनीति जाति के राजनीतिकरण से राजनीति के जातिकरण की ओर अग्रसर है । स्पष्ट कीजिए ।
Indian Politics marks a shift from politicisation of caste to casteization of politics. Explain.

प्रश्न : (2.4) क्या आप सोचते हैं कि गठबंधन केन्द्र और राज्यों की दलीय राजनीति की मुख्य विशेषता है ? विवेचना कीजिए ।
Do you think coalitions are the key characteristics of party politics at the centre and the states ? Discuss.

प्रश्न : (2.5) भारत के प्रतियोगिता आयोग के कार्यों की विवेचना कीजिए ।
Discuss the functions of the Competition Commission of India.

प्रश्न : (2.6) राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की मुख्य सीमाएँ क्या हैं ?
What are the key limitations of the National Human Rights Commission ?

प्रश्न : (2.7) सामाजिक लोकतंत्र राजनीतिक लोकतंत्र का प्रमुख आधार है । बाबासाहेब अम्बेडकर की दृष्टि के आलोक में विवेचना कीजिए ।
Social democracy is the major basis of political democracy. Discuss with reference to the vision of Babasaheb Ambedkar.

प्रश्न : (2.8) दीनदयाल उपाध्याय द्वारा प्रतिपादित एकात्म मानववाद की मुख्य विशेषताओं की व्याख्या कीजिए ।
Describe the key characteristics of integral humanism advocated by Deendayal Upadhyaya.

प्रश्न : (2.9) परिबद्ध तार्किकता क्या है ? निर्णय निर्माण में यह क्या भूमिका निभाती है ?
What is bounded rationality ? What role does it play in decision making ?

प्रश्न : (2.10) नव लोक प्रशासन नव लोक प्रबंधन से कैसे भिन्न है ?
How is New Public Administration different from New Public Management ?

प्रश्न : 3. इस प्रश्न में **05** दीर्घ उत्तरीय उप-प्रश्न हैं । **प्रत्येक** प्रश्न के उत्तर हेतु आदर्श शब्द सीमा **200** शब्द है । **सभी प्रश्न अनिवार्य** हैं । प्रत्येक प्रश्न **11** (ग्यारह) अंकों का है । **(5×11=55)**

Que. : 3. This question contains **05** long answer type sub-questions. Answer **each** question in ideally **200** words. **All** questions are **compulsory**. **Each** question carries **11 (eleven)** marks.

प्रश्न : (3.1) भारतीय संविधान पर एक आलोचनात्मक टिप्पणी लिखिए ।
Write a critical note on Indian Constitution.

**अथवा/OR**

राज्य के नीति निदेशक सिद्धांत और मौलिक अधिकारों में अंतर बताइए ।
State the difference between Directive Principles of State Policy and Fundamental Rights.

www.prepp.in

Prepp Your Personal Exams Guide



प्रश्न : (3.2) 'संघ लोक सेवा आयोग' का क्या महत्त्व है ? इसमें सुधार हेतु सुझावों का वर्णन कीजिए ।

What is the significance of Union Public Service Commission ? Describe the suggestions for its reform.

**अथवा/OR**

राजनीतिक दल की परिभाषा दीजिए तथा भारत की दलीय व्यवस्था की प्रमुख विशेषताएँ बताइए ।

Define political party and point out the main features of the party system in India.

प्रश्न : (3.3) केन्द्रीय सतर्कता आयोग का कार्यात्मक क्षेत्र क्या हैं ? व्हिसल ब्लोअर प्रोटेक्शन एक्ट के प्रमुख बिन्दुओं पर प्रकाश डालिए ।

What are the functional domains of the Central Vigilance Commission ? Throw light on the key points of the Whistle Blower Protection Act.

**अथवा/OR**

प्रतिनिधित्व का क्या अर्थ है ? समानुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली के विभिन्न रूपों का वर्णन कीजिए ।

What is meant by representation ? Describe the different forms of proportional representation system.

प्रश्न : (3.4) राम मनोहर लोहिया ने भारत की विशेष परिस्थितियों में सामाजिक न्याय की स्थापना के लिए किस तरह के समाज की संकल्पना की है ? विस्तृत विवेचना कीजिए ।

What kind of society has been conceptualised by Ram Manohar Lohia for the establishment of social justice in the special conditions of India ? Discuss in detail.

**अथवा/OR**

"लोकतंत्र के बारे में जयप्रकाश नारायण का दृष्टिकोण समाजवाद और सर्वोदय के लक्ष्यों के साथ निकट से जुड़ा है ।" इस कथन की व्याख्या कीजिए ।

"Jayaprakash Narayan's view on democracy is closely linked to the ideals of Socialism and Sarvodaya." Explain this statement.

प्रश्न : (3.5) लोक प्रशासन का महत्त्व बताइए । लोक प्रशासन कला है अथवा विज्ञान ? उचित तर्क सहित उत्तर दीजिए ।

Explain the significance of Public Administration. Is Public Administration art or science ? Answer with suitable arguments.

**अथवा/OR**

विकास प्रशासन की विशेषताएँ बताते हुए भारत में विकास प्रशासन की समस्याओं का उल्लेख कीजिए ।

Explaining the characteristics of development administration, discuss the problems of development administration in India.

www.prepp.in

prepp Your Personal Exams Guide



## SECTION – B / खण्ड – ब

प्रश्न : 1. इस प्रश्न में **15** अति लघूत्तरीय उप-प्रश्न हैं । **प्रत्येक** प्रश्न के उत्तर हेतु आदर्श शब्द सीमा **10 शब्द/एक पंक्ति होगी । सभी प्रश्न अनिवार्य हैं । प्रत्येक प्रश्न 03** (तीन) अंकों का है । **(15×3=45)**

Que. : 1. This question contains **15** very short answer type sub-questions. Answer **each** question in ideally **10** words/**one** line. **All** questions are **compulsory**. **Each** question carries **03 (three)** marks.

प्रश्न : (1.1) राजकोषीय नीति के उपकरण लिखिये ।
Write the instruments of fiscal policy.

प्रश्न : (1.2) भारत में किन क्षेत्रों में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश प्रतिबंधित किया गया है ?
In which of the sectors in India, the Foreign Direct Investment is not allowed (banned) ?

प्रश्न : (1.3) 'आसियान' की स्थापना कब हुई तथा स्थापना के समय इसके सदस्य देश कौन-कौन से थे ?
When was 'ASEAN' formed (established) and who were its member countries at the time of establishment ?

प्रश्न : (1.4) उद्योग संवर्धन नीति 2021 के प्रमुख उद्देश्य क्या हैं ? मध्यप्रदेश के संदर्भ में बताइये ।
What are the major objectives of Industrial Promotion Policy 2021 ? Explain with reference to Madhya Pradesh.

प्रश्न : (1.5) ग्लोबल स्किल्स पार्क मध्यप्रदेश में कहाँ है इसकी स्थापना कब और किसके सहयोग से हुई ?
Where is global skills park in Madhya Pradesh situated and when was it established and with whose help ?

प्रश्न : (1.6) मध्यप्रदेश में सन् 2021-22 में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों में कितनी इकाईयों का पंजीयन हुआ तथा कितने व्यक्तियों को रोज़गार मिला (प्राप्त हुआ) ?
How many units were registered under MSME in the year 2021-22 in Madhya Pradesh and how many persons got employment ?

प्रश्न : (1.7) सर्व शिक्षा अभियान कब प्रारम्भ किया गया था ?
When was Sarva Shiksha Abhiyan launched ?

प्रश्न : (1.8) 1948 में स्थापित विश्वविद्यालय शिक्षा आयोग के अध्यक्ष कौन थे ?
Who was the Chairman of the University Education Commission established in 1948 ?

www.prepp.in

Prepp Your Personal Exams Guide



प्रश्न : (1.9) बाल श्रम (प्रतिषेध और विनियमन) अधिनियम, 1986 के अनुसार बाल श्रम क्या है ?
What is child labour according to Child Labour (Prohibition and Regulation) Act, 1986 ?

प्रश्न : (1.10) जन्म से पूर्व कौन से संस्कार मनाये जाते हैं ?
Which rituals are celebrated before birth ?

प्रश्न : (1.11) पुरुषार्थों के नाम लिखिए ।
Write the names of Purusharthas.

प्रश्न : (1.12) सही क्रम में आश्रमों के नाम लिखिए ।
Write the names of Ashramas in the right order.

प्रश्न : (1.13) कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय का क्या उद्देश्य है ?
What is the purpose of Kasturba Gandhi Balika Vidyalaya ?

प्रश्न : (1.14) मध्यप्रदेश के पश्चिमी क्षेत्र की प्रमुख जनजाति तथा उसकी उप-जनजातियों के नाम लिखिए ।
Write the name of major tribe and its sub-tribes of the western region of Madhya Pradesh.

प्रश्न : (1.15) मध्याह्न भोजन योजना के लिए कौन सा मंत्रालय उत्तरदायी है ?
Which ministry is responsible for implementing the Mid-Day Meal Scheme ?

प्रश्न : 2. इस प्रश्न में **10** लघु उत्तरीय उप-प्रश्न हैं । **प्रत्येक** प्रश्न के उत्तर हेतु आदर्श शब्द सीमा **50** शब्द/**5** से **6** पंक्तियाँ होगी । **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं । प्रत्येक प्रश्न **05** (**पाँच**) अंकों का है । **(10×5=50)**

Que. : 2. This question contains **10** short answer type sub-questions. Answer **each** question in ideally **50** words/**5** to **6** lines. **All** questions are **compulsory**. **Each** question carries **05 (five)** marks.

प्रश्न : (2.1) भारत में बेरोजगारी दूर करने हेतु सरकार द्वारा किये गये उपायों को बतलाइये ।
Discuss the measures of Government for reduction of unemployment in India.

प्रश्न : (2.2) बैंक दर नीति एवं खुले बाज़ार की क्रियाओं से आप क्या समझते हैं ?
What do you understand by Bank Rate Policy and Open Market Operations ?

प्रश्न : (2.3) मध्यप्रदेश में किसानों की समृद्धि के लिये चलायी जाने वाली योजनाएँ लिखिये ।
Write the schemes run by Madhya Pradesh for the farmer's prosperity.



79
69

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide



प्रश्न : (2.4) सेवा क्षेत्र क्या है ? मध्यप्रदेश में सेवा क्षेत्र का सकल राज्य मूल्य वर्धन में क्या योगदान है ?

What is Service sector ? What is the contribution of service sector in Gross state value addition of Madhya Pradesh ?

प्रश्न : (2.5) 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' योजना के प्रमुख तत्त्व क्या हैं ?

What are the key elements of 'Beti Bachao Beti Padhao' scheme ?

प्रश्न : (2.6) ट्रांसजेंडर व्यक्ति को स्वास्थ्य देखभाल सुविधाएँ प्रदान करने के लिए सरकार द्वारा क्या उपाय किए जाने चाहिए ?

What measures should be taken by the government to provide health care facilities to transgender person ?

प्रश्न : (2.7) हिन्दुओं के लिए निर्धारित आठ प्रकार के विवाह लिखिए ।

Write eight types of marriages prescribed for Hindus.

प्रश्न : (2.8) प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के क्या उद्देश्य हैं ?

What are the aims of Pradhan Mantri Adarsh Gram Yojana ?

प्रश्न : (2.9) 2011 की जनगणना के अनुसार भारत में महिलाओं की शैक्षिक स्थिति क्या है ?

As per census 2011 what is the education status of women in India ?

प्रश्न : (2.10) यौन संचारित रोग क्या हैं और वे एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में कैसे संचारित होते हैं ?

What are sexually transmitted diseases and how are they transmitted from one person to another ?

प्रश्न : 3. इस प्रश्न में 05 दीर्घ उत्तरीय उप-प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के उत्तर हेतु आदर्श शब्द सीमा 200 शब्द है । सभी प्रश्न अनिवार्य हैं । प्रत्येक प्रश्न 11 (ग्यारह) अंकों का है । **(5×11=55)**

Que: : 3. This question contains **05** long answer type sub-questions. Answer **each** question ideally in **200** words. **All** questions are **compulsory**. **Each** question carries **11 (eleven)** marks.

प्रश्न : (3.1) राष्ट्रीय आय की गणना की विभिन्न विधियाँ लिखिये तथा भारत में राष्ट्रीय आय की गणना किस विधि से की जाती है ? उल्लेख कीजिये ।

Describe different methods of measuring National Income and explain by which method National Income is measured in India.

**अथवा/OR**

भुगतान संतुलन में असाम्यता के कोई पाँच प्रमुख कारण लिखिये एवं भारत के संदर्भ में इसे दूर करने के उपाय बताइये ।

Write any five major causes that bring disequilibrium in the balance of payment. Describe those measures which are used in India to correct it.

www.prepp.in
Prepp
Your Personal Exams Guide



प्रश्न : (3.2) मध्यप्रदेश में जनसंख्या वृद्धि के कारण और उसका अर्थव्यवस्था पर प्रभाव बतलाइये।

State the causes of increase in population of Madhya Pradesh and its effects on economy.

**अथवा/OR**

मध्यप्रदेश में रोज़गार की स्थितियों को बेहतर करने हेतु कौन सी योजनाएँ संचालित की जा रही हैं तथा बताइये इनसे रोजगार वृद्धि (सृजन) कैसे हो रही है ?

To provide employment in Madhya Pradesh, what type of schemes are being run by government and what measures should government take ?

प्रश्न : (3.3) आप भारत के संविधान में स्थापित अनुच्छेद 15(4) और 15(5) के प्रावधानों पर कैसे विचार करना चाहेंगे ?

How would you like to reflect on the provisions of Article 15(4) and 15(5) established in the Constitution of India ?

**अथवा/OR**

भारत सरकार द्वारा अपनाई गयी "राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020" के 'नये 5 + 3 + 3 + 4 डिज़ाइन में स्कूली पाठ्यक्रम और शिक्षाशास्त्र का पुनर्गठन' क्या है ?

What is 'Restructuring school curriculum and pedagogy in a new 5 + 3 + 3 + 4 design' of 'National Education Policy 2020' adopted by the Union Government of India ?

प्रश्न : (3.4) संस्कृति को परिभाषित कीजिए तथा संस्कृति के कुछ महत्वपूर्ण कार्यों की रूपरेखा तैयार कीजिए।

Define culture and outline some important functions of culture.

**अथवा/OR**

'कुटुम्ब न्यायालय' की अवधारणा और उसके क्षेत्राधिकार का वर्णन कीजिए।

Describe the concept of 'Family Court' and its jurisdiction.

प्रश्न : (3.5) भारत में कुपोषण से निपटने के लिये आई सी डी एस के संदर्भ और उद्देश्य की चर्चा कीजिए।

Discuss the context and the purpose of ICDS to combat malnutrition in India.

**अथवा/OR**

असंक्रामक बीमारियों पर एक टिप्पणी लिखिए।

Write a note on Non-Communicable Diseases (NCDs).

---



SEAL
SEAL